भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या 893

जिसका उत्तर शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**बिहार में रबी फसलों के लिए उर्वरकों की आपूर्ति**

**893. श्री राजेश रंजन:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार राज्य में विशेषरूप से रबी फसलों के लिए उर्वरकों की भारी कमी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या बिचौलिए उर्वरक आपूर्ति में कमी पैदा करके उर्वरकों को अत्यधिक कीमतों पर बेच रहे हैं; और
(घ) यदि हां, तो सरकार राज्य के प्रत्येक जिले में उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क) से (घ):** मौजूदा रबी मौसम 2024-25 के दौरान बिहार राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी रही है जो नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है:-

*<आंकड़े एलएमटी में>*

| रबी 2024-25 के दौरान बिहार राज्य में उर्वरक की स्थिति (01.10.2024 से 02.02.2025 तक) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पाद समूह | **मौसमी आवश्यकता** | **01.10.2024 से 02.02.2025 तक यथानुपातिक आवश्यकता** | **01.10.2024 से 02.02.2025 तक उपलब्धता** | **01.10.2024 से 02.02.2025 तक डीबीटी बिक्री** | **02.02.2025 को अंतिम स्टॉक** |
| यूरिया | 13.00 | 10.52 | 12.91 | 11.30 | 1.61 |
| डीएपी | 3.00 | 2.76 | 4.23 | 3.63 | 0.60 |
| एमओपी | 1.15 | 1.05 | 2.12 | 1.31 | 0.81 |
| एनपीकेएस | 4.00 | 3.81 | 4.55 | 3.48 | 1.07 |

बिहार राज्य सरकार ने बिचौलियों द्वारा उर्वरकों को अत्यधिक दरों पर बेचने की किसी घटना की सूचना नहीं दी है। इसके अलावा, उर्वरकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत एक आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकारों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कालाबाजारी, जमाखोरी और तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए शक्तियां प्रदान की गई है। उर्वरकों की जमाखोरी के संबंध में उर्वरक विभाग के स्तर पर प्राप्त किसी भी शिकायत को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत उचित कार्रवाई करने के लिए संबंधित राज्य सरकार को भेजा जाता है।

*******